विधान परिषद के तृतीय सत्र 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-38 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 38 (क) क्या **आयुष मंत्री** बतायेंगे कि उ० प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा 113 आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों के परिणाम घोषित होने के 11 महीने बाद भी विज्ञापन संख्या-02/2022-2023 द्वारा चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो विलम्ब के क्या कारण हैं और उक्त विलम्ब हेतु कौन कौन उत्तरदायी है और कब तक चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त करा दिये जायेगें? | मा0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज, उ0प्र0 द्वारा चयनित एवं संस्तुत अभ्यर्थियों में से 113 अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान किये जाने से पूर्व उनकी राज्य चिकित्सा परिषद, उ0प्र0 से स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट एवं संबंधित जनपद के जिलाधिकारियों से पूर्ववृत्त/चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया अपनायी जाती है, जिसमें समय लगता है।<br>प्रश्नगत प्रकरण में विलम्ब का कारण उपरोक्तानुसार प्रक्रियात्मक है।<br>उक्त 113 चयनित अभ्यर्थियों में से 108 अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट तथा पूर्ववृत्त/चरित्र सत्यापन संबंधी रिपोर्ट प्राप्त हुई है तथा शेष 05 अभ्यर्थियों की पूर्ववृत्त/चरित्र सत्यापन संबंधी रिपोर्ट अप्राप्त है।<br>उक्त 113 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता |

डा0 दयाशंकर मिश्र "दयालु"
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)